# मुहर्रम को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** मुहर्रम आगामी रविवार (6 जुलाई) को है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने राजधानी रांची के ट्रैफिक रूट में बदलाव किया है। यह बदलाव 06 जुलाई 2025 को दिन में 10:00 बजे से जुलूस की समाप्ति तक लागू रहेगा। वहीं, मुहर्रम में बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। इसे लेकर झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम भी सूचना जारी कर चुका है। जारी सूचना में कहा गया है कि ताजिया, वाहनों पर लगे साउंड सिस्टम व झांकियों की अधिकतम ऊंचाई चार मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## इन मार्गों पर वाहनों का परिचालन होगा वर्जित

1. किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक तक परिचालन बंद रहेगा।
2. शहीद चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
3. सुभाष चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर की तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
4. कचहरी चौक से शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक तक सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
5. चडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक की ओर आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
6. प्लाजा चौक से अलबर्ट एक्का चौक तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
7. पुरुलिया रोड से सर्जना चौक तक परिचालन बंद रहेगा।
8. एसएन गागुंली रोड/विष्णु गली/बुधिया गली और राधेश्याम गली से मेन रोड तक परिचालन बंद रहेगा।
9. सुजाता चौक से मेन रोड की तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
10. वूल हाउस के पास से मेन रोड की तरफ से आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
11. कर्बला चौक से रतन पीपी चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
12. कडरू से रेडिसन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
13. जैप वन कमांडेंट आवास मोड़ से राजेंद्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
14. मेकॉन चौक से राजेंद्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
15. तुलसी चौक से अंबेडकर चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.
16. रांची शहर के अन्य मार्गों पर भी यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा।




## एमआरआई का मॉक ड्रिल आज से

**रांची।** रांची सदर अस्पताल में शनिवार से एमआरआई की मॉक ड्रिल शुरू कर दी जाएगी। सफल मॉक ड्रिल के बाद अगले चार दिनों में सामान्य मरीजों को भी एमआरआई की सुविधा मिलने लगेगी। सुविधा की शुरुआत होने से बड़ी संख्या में मरीजों को राहत मिलेगी। बता दें कि एमआरआई वर्तमान में रांची के किसी भी सरकारी संस्थान में नहीं मिल रही है। रिम्स में पिछले चार सालों से सुविधा नहीं मिल रही है। रिम्स और सदर दोनों जगह आने वाले मरीजों को निजी केंद्रों में जाकर ही इलाज कराना होता है। जहां उनसे मनमाना पैसा वसूला जाता है।

## एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**रांची।** राज्य के एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों ने शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर अपने-अपने कार्यालयों में प्रदर्शन किया। कर्मचारी लंबे समय से सेवा स्थायी करने, डीलिंग क्लर्क को अविलंब स्वास्थ्य निदेशालय से हटाने व वर्ष 2016 से 24 तक की बकाया टीए-डीए राशि का जल्द भुगतान की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा है कि यदि दो दिनों में उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो सात से आठ जुलाई तक सभी कर्मचारी अपने शरीर पर मांग पत्र लगा प्रदर्शन करेंगे। नौ से दस जुलाई को सभी कर्मचारी भूख हड़ताल करेंगे।

# छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए तकनीकी दक्षता जरूरी : डॉ संगीता कुमारी

● राजकीय यूनाइटेड उच्च विद्यालय हिनू में आईसीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची एवं स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आईसीटी 754 परियोजना के अंतर्गत शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को रांची के हिनू स्थित राजकीय यूनाइटेड उच्च विद्यालय में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ संगीता कुमारी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ संगीता कुमारी ने कहा, वर्तमान तकनीकी युग में हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में तकनीकी उपकरणों का उपयोग कर रहा है और इसका सबसे सटीक उदाहरण मोबाइल फोन है। हमें भी शिक्षकों के रूप में तकनीकी दक्षता प्राप्त करनी होगी, ताकि हम छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने में समर्थ हो सकें। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करें।

स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के एडॉप्शन कोऑर्डिनेटर उमेश कुमार ने जे-गुरुजी प्लेटफॉर्म की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह झारखंड सरकार द्वारा विकसित एक अभिनव डिजिटल शिक्षा मंच है, जो शिक्षकों और छात्रों को मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल एवं ऑफलाइन संसाधनों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रदान करता है। जे-गुरुजी, संवादात्मक डिजिटल कंटेंट, शिक्षक प्रशिक्षण, मूल्यांकन उपकरण, लाइव क्लासेस और व्यापक मॉनीटरिंग जैसी सुविधाओं के माध्यम से राज्य में डिजिटल शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है।

झारखंड शिक्षा परियोजना, रांची के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (डिजिटल) मो आदिल ने प्रशिक्षण के पहले सत्र में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रौद्योगिकी के उपयोग और एकीकरण पर जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य शिक्षा के सभी स्तरों पर प्रौद्योगिकी को शामिल करना है, जिसमें ई-पुस्तकालयों, ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों और डिजिटल उपकरणों का उपयोग शामिल है। झारखंड सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आईसीटी 754 परियोजना के अंतर्गत राज्य के आठ जिलों के 754 विद्यालयों में आईसीटी लैब्स और स्मार्ट क्लासेस की स्थापना की गई है, जिनमें रांची जिले के 207 विद्यालय भी शामिल हैं। प्रशिक्षण के पांच दिनों में स्कूल नेट इंडिया लिमिटेड के डीईएफ दीपक कुमार, मास्टर ट्रेनर राम किशुन, निखिल, रमीज अख्तर एवं मो शाहबान द्वारा तकनीकी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों में कंप्यूटर के बारे में बुनियादी जानकारी दी जाएगी। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में मुख्यतः कंप्यूटर के प्रकार से लेकर लगाए गए विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में शिक्षकों का कौशल विकास करना है। इस पांच दिन में एमएस ऑफिस, एमएस पेंट, पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन, नेटवर्किंग एवं इंटरनेट एक्सेस, हिंदी और इंग्लिश स्क्रिप्ट टाइपिंग टेक्स्ट, साइबर सुरक्षा और एंटीवायरस एवं अन्य आधारभूत चीजों के बारे में बताया जाएगा। प्रशिक्षण में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा उपलब्ध कराए गए रिसोर्स के उपयोग के बारे में भी बताया जाएगा। प्रशिक्षण में राजकिशोर उच्च विद्यालय मक्का, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय चैनगारा, राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय बरगईं, हिनू यूनाइटेड राजकीय उच्च विद्यालय हिनू, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोईनारा, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय नगरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बुंदुबेरा एवं राजकीय मध्य विद्यालय कुचु के 33 शिक्षक उपस्थित थे।

## 500 मीटर के लिए प्रयोग हो रहा एलिवेटेड कॉरिडोर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** गुरुवार को एलिवेटेड कॉरिडोर का भव्य उद्घाटन हुआ और सड़क के उपयोग से ओटीसी ग्राउंड से कचहरी चौक तक और और पिस्का मोड़ से कचहरी चौक तक का सफर आसान हुआ और कुछ मिनट में ही यह दुरी तय हो रही है। इसमें कुछ ऐसे भी हैं जो पिस्का मोड़ से ओटीसी ग्राउंड के 500 मीटर का फासले के भी एलिवेटेड कॉरिडोर का उपयोग करने की कोशिश कर रहे है, राष्ट्रीय राजमार्ग में 500 मीटर के फासले पर कट नहीं होता । इसलिए ओटीसी ग्राउंड से एलिवेटेड कॉरिडोर का उपयोग करने या पिस्का चौक से उपयोग करने दोनों ही हालातों में कचहरी चौक जाना ही होगा। कुछ लोगों को रॉन्ग साइड से जाते हुए भी देखा गया जो बेहद खतरनाक है और निगरानी आवश्यक है।

## प्रोन्नति-एजीपी को लेकर रांची विवि के कुलपति से मिला शिक्षक संघ



● कुलपति ने समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर प्रयास का दिलाया भरोसा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय शिक्षक संघ और फुटाज फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में वर्ष 2008 बैच के शिक्षकों का एक शिष्टमंडल रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो डीके सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी शुक्रवार को दी। मौके पर शिष्टमंडल ने कुलपति से वर्ष 2008 बैच के शिक्षकों की प्रोन्नति और एजीपी छह हजार और सात हजार रुपए करने की मांग की। शिष्टमंडल में डॉ समीरा सिन्हा ने कुलपति के समक्ष मांगों को विस्तार से बताया। वहीं, डॉ मोहित कुमार लाल ने प्रोन्नति से संबंधित नियमावलियों का हवाला देते हुए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया। मौके पर प्रभारी कुलपति प्रो डीके सिंह ने कहा कि वे शिक्षकों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि 2008 बैच के शिक्षकों की प्रोन्नति और एजीपी छह और सात हजार रुपए करने में संबंधित प्राधिकार को पत्र लिखेंगे। शिष्टमंडल में रांची विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष और फुटाज के महासचिव डॉ राज कुमार, डॉ रीता कुमारी, डॉ समीरा सिन्हा, डॉ श्वेता सिंह, डॉ रेणु सिंह, डॉ भारती, डॉ नीलू सिन्हा, डॉ रंजीत कुमार चौधरी, डॉ किरण कुमारी सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

**डीपीएस रांची में 'अलंकरण समारोह' का हुआ आयोजन**

# भारत के भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं विद्यार्थी : अनूप बिरथरे




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● ए दोड्डे ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

● विद्यालय की प्राचार्या ने कड़ी मेहनत के महत्व को रेखांकित किया

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची के विवेकानंद सभागार में शुक्रवार को कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए 'अलंकरण समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक रूप से नृत्य तथा संगीत प्रस्तुति से किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अनूप बिरथरे, इंस्पेक्टर जनरल, झारखंड विशेष कार्य बल, विशिष्ट अतिथि के रूप में ए दोड्डे, आईएएस झारखंड, राजस्व पंजीकरण और भूमि सुधार विभाग, विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान, शिक्षक, अभिभावक, विद्यार्थी एवं मीडिया के लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राथमिक विंग के हेड ब्वॉय, हेड गर्ल के साथ - साथ विभिन्न सदनों के अध्यक्ष, कप्तानों, उपकप्तानों, छात्र परिषद के नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों को बैज और सैसे देकर औपचारिक रूप से उन्हें उनका कार्यभार सौंपा गया। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने विद्यालय संबंधित अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव जागरूक रहने की शपथ ली।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नेतृत्व, समर्पण और कड़ी मेहनत के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह समारोह छात्रों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और विद्यालय के विकास के प्रति उनके समर्पण की भावना को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने अपने भाषण में उन सभी शिक्षकों एवं अन्य सदस्यों का भी उल्लेख किया, जो इस कार्यक्रम के सुचारू रूप से किए गए संचालन में संलग्न थे। मुख्य अतिथि अनूप बिरथरे ने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से किए जा रहे वैविध्यपूर्ण प्रयासों की प्रशंसा की तथा इन विद्यार्थियों को आने वाले भविष्य का नेतृत्वकर्ता बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को स्कूल और समुदाय के प्रति अपनी भूमिका को समझने और उसमें योगदान करने के लिए प्रेरित करते हैं। विशिष्ट अतिथि ए दोड्डे ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उनके परिश्रम और विद्यालय के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिला वोकेशनल शिक्षक संघ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**छह सूत्री मांग पत्र सौंपा**

रांची विश्वविद्यालय के वोकेशनल शिक्षक संघ ने शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो डीके सिंह को 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा। वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में वोकेशनल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पांडेय, रांची विश्वविद्यालय वोकेशनल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, डॉ सुरजीत घोषाल, डॉ प्रशात सौरव एवं अन्य उपस्थित थे। सौंपे गए मांग पत्र में विश्वविद्यालय से जो मांग की गई है, उनमें समान काम के बदले समान वेतनमान देने की व्यवस्था, अविलंब शिक्षकों एवं कर्मचारियों के पद सृजित कर उसे भरा जाना, अतिथि शिक्षकों को यूजीसी के अनुसार तय मापदंड 1500 रुपए प्रति कक्षा करना, सीनेट और सिंडिकेट या कोर कमेटी में वोकेशनल शिक्षक संघ के प्रतिनिधि की व्यवस्था सुनिश्चित करना, नई नियुक्ति प्रक्रिया में पुराने शिक्षकों को ही प्राथमिकता दिया जाए और वोकेशनल फंड में रखे हुए रुपए का उपयोग शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए करना शामिल है।

# डीपीएस रांची के विद्यार्थियों का सीयूईटी 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपनी अद्भुत मेधा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची के विद्यार्थियों ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में शुभान शर्मा, कुमार चैतन्य, ध्वनि मिश्रा, विजाया, अनन्या आशी राज, अश्का सिंह, अंकुर भास्कर, सावनजीत, मिरियालु मार्तंड मोहित नायडू, पियूष अग्रवाल, अभिनव कुमार, श्रेयांशी मिश्रा, मयंक राज, काम्या अग्रवाल, ऋषभ तिवारी, दीपेश वर्मा, निधि बसंत प्रकाश, उन्नति आर्य, मनीषा और अनेक अन्य शामिल हैं।विशेष उल्लेख शुभान शर्मा का है, जिन्होंने चार विषयों में परीक्षा देकर प्रेरणादायक मिसाल कायम की। उन्होंने इतिहास, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र में शत-प्रतिशत (100 पर्सेंटाइल) अंक अर्जित किए, जबकि अंग्रेजी में 99.99 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। जैसे-जैसे परिणाम घोषित हो रहे हैं, सफल विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे विद्यालय परिवार में अपार गर्व और हर्ष का वातावरण है। उपलब्धि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हम अपने विद्यार्थियों पर अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं, जिनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।




## महिलौंग में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त

● दो गिरफ्तार, उत्पाद विभाग और रांची पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

**रांची।** उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। टाटीसिलवे के महिलौंग इलाके में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त की गई है। स्पेशल ब्रांच से मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में लगभग 500 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने शराब से जुड़े अवैध कारोबार की पुष्टि की है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर अन्य संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिलौंग में जिस घर से शराब बरामद हुई, वहां अवैध शराब फैक्ट्री का संचालत हो रहा था। उत्पाद विभाग की यह कार्रवाई राज्य में अवैध शराब के खिलाफ चलाए आ रहे अभियान के तहत बड़ी उपलब्धि है। अधिकारियों के अनुसार, इस गिरोह के तार अन्य जिलों तक भी जुड़े हो सकते है।

# रांची समर्पण शाखा की तीसरी कार्यकारिणी की हुई बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● सावन सिंधारा, सावन मेला बाबा श्रृंगार, गौ सेवा से जुड़े कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

रांची समर्पण शाखा के सत्र 2025-26 की तीसरी कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने की। बैठक में शाखा अध्यक्ष ने अनुपस्थिति और गणपूर्ति की सूचना दी। मौके पर शाखा अध्यक्ष ने स्वागत संबोधन किया और शाखा सचिव ने जून माह की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही, आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत सावन सिंधारा, सावन मेला, बाबा श्रृंगार, गौ सेवा से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की गई। शाखा अध्यक्ष ने शाखा सदस्यों से वार्षिक शुल्क जल्द से जल्द देने के लिए आग्रह किया, जिससे कि संस्था का कार्य सुचारू रूप से हो सके। कार्यकारणी की बैठक में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष विनिता बिहानी, पूर्व अध्यक्ष कंचन सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला, पूर्व अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, सरिता बथवाल, कोमल पोद्दार, कविता सोमानी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थीं। ये जानकारी मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।



### मोदीडीह गांव में 'विकास भवन' का हुआ उद्घाटन

## विकास भवन शिक्षण कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा : सौरभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मुरी।** सिल्ली प्रखंड के मोदीडीह गांव में 'विकास भवन' का उद्घाटन हुआ। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी द्वारा सीएसआर मद से विकास भवन का जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन सौरभ खेडेकर ने किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए खेडेकर ने कहा, "यह विकास भवन विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, जिससे गांव के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मदद मिलेगी। हिंडाल्को कंपनी गाँव के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।"इस अवसर पर खेडेकर ने गाँव में चल रहे बांस आधारित परियोजना का निरीक्षण भी किया और स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के मुख्य निर्माण अधिकारी (सीएमओ) एन. एन. रॉय, क्लस्टर एच आर हेड शिशिर मिश्रा,प्लांट हेड संदीप पाटिल,एच आर हेड अरुण राय सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित थे।पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव ने हिंडाल्को कंपनी का आभार प्रकट करते हुए कहा, "कंपनी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है और गाँव में विकास की एक नई दिशा दिख रही है।"विकास भवन का उद्घाटन ग्रामीण सशक्तिकरण और सतत विकास की दिशा में हिंडाल्को की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।

# कृषि मंत्री के कार्यालय में कर्मचारी गायब पाए गए, मंत्री नाराज

- 70 प्रतिशत से अधिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित नहीं मिले, मांगा स्पष्टीकरण
- कार्यस्थल पर हर हाल में समय पर उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश
- निरीक्षण के क्रम में कई पदाधिकारी अपने सहयोगी कर्मी को लेकर बहाने बनाते भी नजर आए



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 70 प्रतिशत से अधिक अधिकारी और कर्मचारी कार्यस्थल में उपस्थित नहीं थे। मंत्री ने सभी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कर्मियों के गायब मिलने पर मंत्री ने स्पष्ट कहा कि अपने कार्यस्थल पर सभी अधिकारी-कर्मचारी हर हाल में निश्चित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

समय का पाबंद और अनुशासित होना बेहतर कार्य-संस्कृति के लिए जरूरी है। इससे कार्य-संस्कृति में सुधार होगा, जिससे विकास योजनाओं को गति मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी भी ली।

एक सांस में दौड़कर आने बोलिए

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बारी-बारी से सचिव कार्यालय कक्ष से लेकर सभी कोषांगों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब उपस्थित कर्मियों के द्वारा परिचय दिया जाने लगा तो उन्होंने कहा कि जो उपस्थित नहीं हैं, उनका नाम बताएं। सबसे पहले राजीव रंजन तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव अनुपस्थित पाए गए। उसके बाद एक कोषांग में विभाग सिंह अपनी कुर्सी पर नहीं थीं। जिसके बाद मंत्री ने उनके सहकर्मी को स्पष्ट कहा कि तुरंत कॉल करिए। एक सांस में आने को बोलिए। निरीक्षण के क्रम में कई पदाधिकारी अपने सहयोगी कर्मी को लेकर बहाने बनाते भी नजर आए, वहीं कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते-भागते दफ्तर पहुंचे।

बायोमिट्रिक अटेंडेंस के आधार पर होगी कार्रवाई निरीक्षण के समय मंत्री ने जब कई अधिकारी व कर्मचारियों को अनुपस्थित पाया तो बायोमिट्रिक अटेंडेंस का डिटेल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बायोमिट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में कार्यालय आने के निश्चित समय के बाद आने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार करने की हिदायत दी। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बायोमिट्रिक अटेंडेंस के आधार पर अनुपस्थित पदाधिकारी और कर्मचारियों को स्पष्टीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

## न्यूज बॉक्स

### सिल्ली विधायक की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर




**सिल्ली।** शुक्रवार को सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के पहल पर सिल्ली प्रखंड के इतिहासा गांव में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। नए ट्रांसफार्मर का जुड़ानी देवी, बास्की देवी एवं लतिका देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली जिला परिषद प्रतिनिधि अखिल महतो, सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, ग्राम प्रधान मनोरंजन महतो, लोटा मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र मुंडा उपस्थित रहे। मौके पर अजीत महतो, रामपदो महतो, रोहित महतो,संजय महतो, बाबुल, बुधराम महतो, परेश महतो, पुराण महतो, विनोद सिंह, संदीप महतो,रतन महतो,मनोज महतो,चंपा देवी, पुतुल देवी इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

### हरिनाथ साहू लोकहित अधिकार पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत



**पिठौरिया।** लोकहित अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से झारखंड प्रदेश के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हरिनाथ साहू को मनोनीत किया है। हरिनाथ साहू रांची जिला कांके प्रखंड अंतर्गत सुकुरहुटू गांव के मूल निवासी हैं। ज्ञात हो पिछले 01 जुलाई को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू को पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल पाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पार्टी विरोधी करार देते हुए अध्यक्ष पद से निष्कासित किया गया था। हरिनाथ साहू पूर्व के कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए रांची लोकसभा का चुनाव भी लोकहित अधिकार पार्टी सेव छाप से लड़ चुके हैं। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर हरिनाथ साहू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता एवं राष्ट्रीय महामंत्री सतीश गांधी सहित राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश पदाधिकारियों का अभार व्यक्त करते हुए समाजिक न्याय का संकल्प के साथ पार्टी संगठन को सभी वर्गों को मिलाकर नई ऊंचाई में ले जाने का प्रतिबद्धता व्यक्त किए।

### उग्रवादी संगठन आलोक गिरोह ने लगाया पोस्टर, दहशत




**ठाकुरगांव।** शुक्रवार को उग्रवादी संगठन आलोक गिरोह के मो राजन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उसके बॉस राहुल तुरी का पुलिस ने पिछले दिनों इनकाउंटर कर दिया था। वहीं सेकेंड बॉस अधिराज के जेल जाने के उपरांत संगठन की सारी जिम्मेदारी मुझ पर है। राजन ने विज्ञप्ति में लिखा कि अर्जुन करमाली उर्फ भैरो सिंह संगठन का सदस्य था जो संगठन से गद्दारी कर संगठन का हथियार लेकर भाग गया है उसे जो भी ठेकेदार, कोयला, बालू, भू माफियाओं या अन्य व्यवसाईयों द्वारा लेवी देने पर सीधे कार्रवाई करने की बात कही। लेटर हेड में एक नारा "किसी के बाप का खौफ नही, जो दिल मे आएगा वहीं करेंगे।" लिखा गया है।

### रोहिणी प्रबंधन की बैठक का ग्रामीणों ने किया बहिष्कार



**खलारी।** रोहिणी खदान क्षेत्र के ढुब पेटपेट के विस्थापित ग्रामीणों ने प्रबंधन की कार्यशैली से नाराज होकर शुक्रवार को बुलाई गई बैठक का बहिष्कार कर दिया। यह बैठक खदान के विस्तारीकरण और विस्थापितों के पुनर्वास जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, सर्वेयर सतपाल सिंह, एरिया भूमि राजस्व पदाधिकारी विकास चौधरी और तुमांग पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि के साथ रैयत विस्थापित भी शामिल हुए थे। बैठक शुरू होते ही ग्रामीणों ने प्रबंधन पर पुनर्वास मुद्दे को लेकर ठोस पहल न करने का आरोप लगाया और विरोध स्वरूप बैठक से बाहर निकल गए। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि प्रबंधन केवल बैठकों में झूठा आश्वासन देता आ रहा है, जबकि वर्षों से पुनर्वास का मामला जस का तस पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अब तक कई परियोजना पदाधिकारी आए और स्थानांतरित होकर चले गए, परंतु किसी ने भी विस्थापितों के पुनर्वास के मुद्दे को सुलझाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया। इससे ग्रामीणों में गहरा असंतोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि वे अब केवल ठोस निर्णय और अमल होने की स्थिति में ही प्रबंधन से वार्ता करेंगे, कोरे आश्वासनों से वे संतुष्ट नहीं होंगे।

### रांची-मुरी फोरलेन सड़क की घोषणा से क्षेत्र में खुश की लहर : विनय



**सिल्ली।** रातू रोड ऐलिवेटेड फ्लाइओवर के लोकार्पण समारोह के अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची -सिल्ली -मुरी सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित कर फोरलेन करने की मांग की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांग करते हुए कहा कि सिल्ली क्षेत्र का औद्योगिक विकास बहुत तेजी हो रहा है सिल्ली से प्रतिदिन हजारों छात्र, मजदूर रांची आते हैं। रांची से मुरी की दूरी लगभग 65 किमी है। रांची आने में डेढ़ घंटे से अधिक समय लग जाता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि रांची - मुरी सड़क का अध्ययन कर जल्द राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित कर गति शक्ति योजना से फोरलेन किया जाएगा। फोरलेन निर्माण के बाद 30 मिनट में मुरी से रांची का सफर तय कर पायेंगे।फ्लाईओवर लोकार्पण के मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज भी मौजूद रहे।भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने इस कार्य के लिए सिल्ली वासियों की ओर से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आभार व्यक्त किया है।

### मेधावी विद्यार्थियों को मिला सम्मान

## सच्ची लगन और मेहनत से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है: संजय रूंगटा

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय, खलारी में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी द्वारा विद्यालय के अध्यक्ष संजय रुंगटा, प्रशासक जामवंत सिंह, विद्यार्थियों के अभिभावकों और अन्य अतिथियों का स्वागत कर की गई। कक्षा दशम की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। अध्यक्ष संजय रुंगटा ने बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। आप सबको अपनी उपलब्धियों पर गर्व होना चाहिए। दसवीं की परीक्षा में प्रखंड टापर एसीसी उच्च विद्यालय के सतीशकुमार चौहान और 12वीं की वाणिज्य परीक्षा में प्रखंड टापर नेहा कुमारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शिफा परवीन, नैन्सी कुमारी, माहीकुमारी गुप्ता, प्रीतिकुसुम गंझू और अनम अल्बिया, तथा 12वीं में विज्ञान संकाय से आराध्या कुमारी, शबनम फलक, पंकज कुमार, श्रीनाथ गंझू, कला संकाय से मुस्कान परवीन, अनम अली, मीना कुमारी और वाणिज्य संकाय से किरण कुमारी एवं अनीस इब्राहिम को सम्मानित किया गया। अंत में विद्यार्थियों और अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया। समारोह में प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी, रवि गिरी, उप प्रधानाध्यापिका अर्चना उपाध्याय, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय के वर्तमान 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### खूंटी समाहरणालय में वार्तालाप कार्यक्रम आज

## सूक्ष्म व लघु उद्योगों के महत्व पर होगी चर्चा : राजेश सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**




**खूंटी।** खूंटी परिसदन के प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान शनिवार को 11:30 बजे खूंटी समाहरणालय के कांफ्रेंस हॉल में होने वाले वार्तालाप कार्यक्रम के बारे में बताया गया। मौके पर पत्र सूचना कार्यालय रांची के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि यह वार्तालाप कार्यक्रम मिशन विकसित भारत के संदर्भ में छोटे जिलों के सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के महत्व को लेकर आयोजित किया जा रहा है। इसमें खूंटी जिले की उपायुक्त आर रॉनिटा मुख्य अतिथि रहेंगी तथा विशिष्ट अतिथि विभाग के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा होंगे।

विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मृत्युंजय मयंक के अलावे दिल्ली से विशेषज्ञ मल्लिका पांडे तथा पटना से विशेषज्ञ और विभाग के पदाधिकारी कुमार सौरभ ऑनलाइन जुड़ेंगे।

यह कार्यक्रम मुख्य रूप से दूर दराज के जिलों के पत्रकारों के लिए आयोजित किए जाते हैं ताकि वे भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल कर इस जन सामान्य तक पहुंचा सकें।

पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें उन सभी लोगों की भागीदारी अपेक्षित है जो इस विषय से जुड़े हुए जागरूक पत्रकार हैं। प्रेस वार्ता में खूंटी जिले के जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी श्री राशीद अख्तर भी उपस्थित थे।



भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातू में उनके परपोता सुक्रा मुंडा के साथ आरबीआई के पूर्व अधिकारी अजय नंदन।

## बारिश की कहर से रंजीत साहू के तीन एकड़ में लगी सब्जी की फसल बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिठौरिया।** कांके प्रखंड के पिठौरिया में भारी बारिश के कारण खीरा, बोदी और बीन जैसी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। किसान रंजीत कुमार साहू की तीन एकड़ में फैली हुई फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा।किसान रंजीत कुमार साहू ने बताया कि उनकी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है और अब उनके पास आय का कोई साधन नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी पूंजी था, वह पूरी तरह से अपने खेतों में लगा दिए थे, और अब उनके पास आगे की खेती करने के लिए पैसे नहीं हैं।ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह किसानों की मदद करे और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करे। इससे किसानों को अपनी फसलों का नुकसान कम करने में मदद मिलेगी और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

किसानों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें इस नुकसान के लिए मुआवजा दिया जाए। रंजीत कुमार साहू ने कहा कि सरकार को उनकी मदद करनी चाहिए ताकि वह अपने पैरों पर खड़े हो सकें और अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। उन्होंने कहा कि मेरे पास आगे की खेती करने के लिए पैसे नहीं हैं, सरकार को मेरी मदद करनी चाहिए।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का हुआ समापन, बच्चों ने लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में चार दिवसीय वन महोत्सव 'एक पेड़ मां के नाम' का शुक्रवार को भावपूर्ण समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो थे। समारोह की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या डा सिस्टर निर्मला सैमुअल द्वारा मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ाकर और पौधा भेंट कर सम्मानित कर की गई। विद्यालय के ईको क्लब के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सरी से केजी तक के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर मनमोहक नृत्य किया, जबकि कक्षा चार और पांच के विद्यार्थियों ने पर्यावरण विषय पर लघु नाटक से सभी का दिल जीत लिया। 'न काटो मुझे, बड़ा दुखता है' गीत पर आधारित नाटिका ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और पर्यावरण बचाने का गहरा संदेश दिया। प्राचार्या डा सिस्टर निर्मला सैमुअल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे ही पृथ्वी का जीवन हैं और इन्हें बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। मुख्य अतिथि जयदीप टोप्पो ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर बच्चों को संदेश दिया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य हर घर और परिवार तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अगर एक पेड़ कटे तो उसके बदले दस पेड़ अवश्य लगाएं, क्योंकि पेड़-पौधे ही हमें शुद्ध हवा और जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने बच्चों से अपनी मां के साथ मिलकर एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन ईको क्लब की शिक्षिकाएं रोज़ी मगदली टोप्पो व आरती तिर्की ने किया।

अंत में अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर हरित वातावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के ईको क्लब के शिक्षक-शिक्षिकाएं विशाल शर्मा, अल्का राही, शशिकुमार चौधरी, मुकेशकुमार सिंह, प्रेम खलखो, सानिया तिग्गा सहित अम्बुज कर्मकार, प्रभाकर शर्मा, रोहित खेस, राबर्ट मिंज, किशोर लकड़ा, नैना भारती कुजूर, इंदुसोनी सिंह, अनिमा कांसीर, सुबी सिंह, प्रतिमा बागे, सरोज लकड़ा, नारबर्टा टोप्पो समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

**पहल** नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की बैठक, उपायुक्त ने कहा

# मादक पदार्थों के खिलाफ समन्वय बनाकर काम करें अधिकारी

- डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अफीम, ब्राउन शुगर समेत अन्य मादक पदार्थों को लेकर जरूरी रूप से सघन छापामारी अभियान चलाया जाए

**नवीन मेल संवाददाता**



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में उपायुक्त ने मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में अंचल अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों की ओर से अफीम की खेती के मामले में की गई एफआईआर एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी दी गई। प्रस्तुत रिपोर्ट के सभी बिंदुओं की उपायुक्त ने समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को आगे की कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिया।

साथ हीं विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अफीम, ब्राउन शुगर समेत अन्य मादक पदार्थों को लेकर जरूरी रूप से सघन छापामारी अभियान चलाया जाए। साथ ही मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री करने वाले दोषियों के विरुद्ध भी त्वरित और विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। उपायुक्तत ने मादक पदार्थों के परिवहन पर भी विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों पर पूर्णतया विराम लगाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। मौके पर पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ खूंटी और तोरपा, एनकॉर्ड के सदस्य, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विशेष निगरानी का निर्देश

बैठक में थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिले की सीमाओं और विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया गया।

पंडरीपानी पुलिया की जर्जर स्थिति से लोगों की मुश्किलें बढ़ीं

# प्रशासनिक आदेशों का नहीं हो रहा पालन

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** सिमडेगा-राउरकेला मुख्य मार्ग पर स्थित पांडरीपानी पुलिया की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है। नेशनल हाईवे पर स्थित इस पुलिया की मरम्मत न होने से आवागमन में गंभीर परेशानी हो रही है। पुलिया में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और लोहे के सरिए बाहर निकल आए हैं, जिससे वाहन चालकों को गंभीर खतरा बना हुआ है। आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं, खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग और जिला प्रशासन को अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कुछ दिनों पूर्व उपायुक्त ने पुलिया की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे, परंतु उनके आदेश का अनुपालन भी नहीं किया गया। इससे लोगों में नाराजगी है और प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिया की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि अब उसके अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण पुलिया पर दबाव और बढ़ गया है। यदि शीघ्र मरम्मत नहीं की गई तो यह किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकता है। आमजन अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग तत्काल संज्ञान लेकर पुलिया की मरम्मत सुनिश्चित करें ताकि जनजीवन सुरक्षित रह सके।

# सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब को लेकर डीसी ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में सिदो- कान्हू युवा खेल क्लब के गठन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। राज्य में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रत्येक गांवों में सिदो -कान्हू युवा खेल क्लब की स्थापना की जा रही। जिसके निबंधन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि सिमडेगा जिले में 451 राजस्व ग्राम में सिदो- कान्हू युवा खेल क्लब गठन करने के लिए चयन किया गया है। उपायुक्त को बताया कि 180 गांव का अप्लाई किया गया है। जिसके आलोक में 37 क्लब का ई- निबंधन अप्रूव हुआ है। उपायुक्त ने सभी चयनित गांवों में समय से क्लब गठन कर विभाग को भेजने की बात कही। वहीं जिसका गठन हो गया है उस क्लब का स्थानीय वेरीफाई करते हुए निबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। सिदो- कान्हू युवा खेल क्लब गठित करने में जेएसएलपीएस की महिला समूह की दीदी की मदद लेने की बात कहीं। उपायुक्त ने कहा कि इन्हीं महिलाओं के बच्चे युवा क्लब में शामिल होंगे। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस शांति मार्डी एवं अन्य उपस्थित थे।



## उपायुक्त ने घायल बच्चे का जाना हालचाल

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने शिव मंदिर करंगागुड़ी का भ्रमण किया। इस दौरान विवाह मंडप भवन निरीक्षण में देखा कि एक बच्चा जमीन पर लेटा हुआ है, वह बच्चा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में पढ़ाई करता है। उपायुक्त ने बच्चें के पास गई, उन्होंने शिक्षक से पूछा की बच्चे का तबीयत खराब है क्या,उसे उपायुक्त ने सामने से देखा कि बच्चे के माथे पर चोट लगी है। उन्होंने चोट की जानकारी ली जिसमें शिक्षक द्वारा बताया गया कि स्कूल छुट्टी होने की पश्चात् वापसी के क्रम में बच्चा खुद से गिर गया जिससे माथे में चोट आई है। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी केरसई ज्ञानमणी एक्का को निर्देश दिया कि उन्हें तत्काल किसी स्वास्थ केंद्र में पहुंचा कर इलाज कराने के निर्देश दिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बच्चे को लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु ले गए।





## उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों का किया भ्रमण, जन उपयोगिता पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झमाझम बारिश के बीच उपायुक्त कंचन सिंह ने पर्यटन स्थल कंरगागुड़ी धाम का भ्रमण किया। यह भ्रमण पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक के पश्चात प्रस्तावित योजनाओं की वास्तविक उपयोगिता का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया। बैठक में धाम के विकास हेतु विभिन्न योजनाएं प्रस्तुत की गईं, जिनकी स्थलीय समीक्षा कर उपायुक्त ने जनहित में उपयुक्त योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। प्रथम भ्रमण के तहत करंगागुड़ी शिव मंदिर का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने यहां सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन, शेड की मरम्मत, हाईमास्ट लाइट लगाने सहित अन्य जनोपयोगी योजनाओं को चुने जाने का निर्देश दिया। विवाह मंडप के संचालन हेतु खेल एवं पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित भवन को समिति को हैंडओवर करने बात कहीं।दूसरे भ्रमण में उपायुक्त ने वनदुर्गा मंदिर परिसर का दौरा किया। वहां उन्होंने पूजा अर्चना की इसके बाद समिति के सदस्यों के साथ बैठक में मंदिर परिसर की चारदीवारी, बोरिंग, शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण की मांगों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने प्रस्ताव तैयार कर खेल पदाधिकारी को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। समिति ने बताया कि यहां प्रतिदिन झारखंड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ से श्रद्धालु आते हैं, जबकि नवरात्रि एवं चैती पूजा में यहां पर एक लाख से भी अधिक श्रद्धालु आते हैं।तीसरे भ्रमण में उपायुक्त दनगद्दी पर्यटन पहुंची। दनगद्दी पर्यटन स्थल की प्राकृतिक सुंदरता को देखकर उपायुक्त काफी प्रभावित हुईं। उन्होंने नदी में उतर कर लहरों में आनंद ली तथा वहां की खूबसूरती को अपने फोन के माध्यम से कैद की। इस दौरान उन्होंने पर्यटन स्थल की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिये। गठित पर्यटन मित्र समिति के माध्यम से साफ-सफाई कराए जाने की बात कहीं और प्रति पर्यटकों से एक निर्धारित शुल्क लेने का सुझाव दिया गया।

## घुरती रथ यात्रा को लेकर अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**सलडेगा।** घूरती रथ यात्रा को लेकर सलडेगा स्थित देवी गुड़ी परिसर में पूजा समिति द्वारा शुक्रवार को 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन की भव्य शुरुआत की गई। कीर्तन की शुरुआत विशेष अधिवास पूजन के साथ की गई, जिसमें मंदिर समिति के सदस्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर आयोजन का श्रीगणेश किया। इस धार्मिक आयोजन में तामड़ा, सिरिंगबेड़ा, सिकरियाटांड़, केशलपुर सहित आसपास के गांवों की कीर्तन मंडलियां सम्मिलित हुईं। भक्तों ने हरे राम हरे कृष्ण के जयघोष के साथ सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जानकारी देते हुए समिति सदस्य अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पहली बार भगवान जगन्नाथ को जोकहार स्थित मुख्य मंदिर से देवी गुड़ी में 9 दिनों के लिए स्थापित किया गया है, जहां प्रतिदिन भजन-कीर्तन होता रहा है।कीर्तन का समापन शनिवार को हवन-पूजन और भंडारे के साथ होगा। तत्पश्चात भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम के विग्रहों को रथ पर विराजमान कर पुनः जोकहार मंदिर ले जाया जाएगा। आयोजन की सफलता में पूजा समिति के जगदीश सिंह, मुरारी प्रसाद, दीपक सोनी, मितेश सिंह, आलोक सिंह सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हैं।

## कांग्रेस कला संस्कृति व फिल्म विभाग का हुई बैठक

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में कला संस्कृति एवं खेल विभाग के जिला अध्यक्ष विजय बड़ाईक की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की जी उपस्थित हुए। बैठक में सिमडेगा जिला के सभी दस प्रखंडों पर संगठन के पुनर्गठन पर चर्चा की गई। शुक्रवार को सिमडेगा प्रखंड के कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें पूर्व जिला कोषाध्यक्ष के जगह में विक्रांत तिर्की को जिला कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया और सिमडेगा सदर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष के जगह पर नए प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार टेटे को मनोनित किया गया। बैठक में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की जी, जिला प्रवक्ता सह सोशल मीडिया चेयरमैन रंधीर रंजन, अरमान जी उपस्थित रहे।

## भारत आदिवासी पार्टी ने सिमडेगा जिला कमिटी का किया विस्तार

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** भारत आदिवासी पार्टी ने गुरुवार को विकास केंद्र समटोली में सिमडेगा जिला कमिटी विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर तिर्की, प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा, उपाध्यक्ष सेलिना लकड़ा, महिला प्रमुख कुंदरासी मुंडा व सुशील बरला शामिल हुए। नेताओं ने वीर शहीद तेलंगा खड़िया, बिरसा मुंडा व बुधु भगत के स्मारकों पर माल्यार्पण कर उलगुलान जिंदाबाद के नारे लगाए। स्थल पर पारंपरिक नृत्य-गान से अतिथियों का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि विस्तृत कमिटी सिमडेगा के आदिवासियों को अपना राजनीतिक मंच देगी और अनुसूचित क्षेत्रों की शराब नीति रद्द कराने की माँग दोहराई। उन्होंने भूमि बैंक, पेशा नियमावली और खड़िया भाषा की नियुक्तियों पर विधायकों की चुप्पी पर सवाल उठाया।प्रभाकर तिर्की ने मुख्यधारा दलों पर 75 साल की संवैधानिक बेइमानी का आरोप लगाते हुए पाँचवीं अनुसूची अधिकारों की रक्षा को ज़िला-स्तरीय उलगुलान शुरू करने की घोषणा की। प्रेमसाही मुंडा ने कांग्रेस-जेएमएम को कॉरपोरेटपरस्त बताया, जबकि कुंदरासी मुंडा ने महिला-युवा वर्ग से सड़क से संसद तक आवाज़ बुलंद करने का आह्वान किया। 43 सदस्यीय कमिटी पारित हुई। प्रमुख पदाधिकारीः उपाध्यक्ष मतीयस कुल्लू, कुलकांत केरकेट्टा, रैमन बा; महासचिव अधिवक्ता एलेक्स जॉनसन केरकेट्टा; सचिव प्रफुल्ल मिंज, मानिक केरकेट्टा, बिपिन डुंगडुंग; कोषाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की; प्रवक्ता एलेक्स केरकेट्टा, बबूला महतो, अनमोल तिर्की; महिला जिलाध्यक्ष सेरोफिना कुल्लू; युवा अध्यक्ष स्मिता तिर्की; छात्र अध्यक्ष एरेन समद।

संत दोमोनिक इंटर कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

## वाणिज्य में छात्र उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं

नवीन मेल संवाददाता

● विद्यार्थियों को विषयों की उपयोगिता और करियर मार्गदर्शन दिया गया

**कोलेबिरा।** संत दोमोनिक इंटर कॉलेज, लचरागढ़ में 11वीं कक्षा में नवप्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके विषय की उपयोगिता और भविष्य में उसके प्रभाव को समझाया। प्रो. कामिल बड़ा ने छात्रों को राजनीति शास्त्र की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी और बताया कि वर्तमान समय में राजनीति को समझना युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रो. रश्मि एक्का ने वाणिज्य विषय की उपयोगिता बताते हुए कहा कि इससे छात्र बैंकिंग, सीए, सीएस जैसे क्षेत्रों में उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं। वहीं प्रो. पंकज लुगुन ने हिंदी साहित्य को "अथाह सागर" की संज्ञा देते हुए छात्रों को उसकी गहराई और भावनात्मक जुड़ाव से अवगत कराया।कार्यक्रम में कोलेबिरा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने भी विशेष रूप से शिरकत की और छात्रों को प्रशासन से डरने के बजाय उसे सहयोगी मानने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को नशा, सड़क सुरक्षा, सर्पदंश और साइबर अपराध जैसे मुद्दों से सतर्क रहने की अपील की। मानव तस्करी और कम उम्र में मजदूरी को लेकर भी जागरूक किया गया। छात्रों ने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो जैसे नारे लगाए। कार्यक्रम में फादर क्लेमेंट टेटे, फादर अल्बिनुस केरकेट्टा, रश्मि एक्का, संजय पुरान, पंकज लुगुन सहित कई शिक्षक, छात्र एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पांच दिन बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति

नवीन मेल संवाददाता



**कुरडेग।** डुमरडीह पंचायत के बरकोना और कुटमाकछार पंचायत के बंबूडेरा गांव में पिछले पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप थी। भारी बारिश के दौरान ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरा क्षेत्र अंधकारे में डूबा रहा, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। रात्रि के समय जहरीले सांप के काटने से कुछ बच्चों की मौत की भी सूचना मिली थी। स्थिति की जानकारी मिलते ही महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यकारी जिला अध्यक्ष सीमा सीता एक्का सक्रिय हुईं और कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता एवं लाइनमैनों से लगातार संपर्क कर कार्य प्रारंभ करवाया। तीन दिनों की अथक मेहनत और बारिश के बीच मुश्किल हालातों के बावजूद ट्रांसफार्मर बदला गया और विद्युत आपूर्ति बहाल हुई।गांववालों ने सीमा सीता एक्का के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्रीमती एक्का ने कहा कि क्षेत्र की कोई भी समस्या हो, उसका समाधान विधायक भूषण बाड़ा या कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संपर्क कर करवाया जा सकता है।

कृषि जागरूकता | लीड्स संस्था ने किसानों के बीच बांटे फलदार पौधे

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

● आय वृद्धि से जीवन स्तर में सुधार और आर्थिक विकास संभव

नवीन मेल संवाददाता



**जलडेगा।** लीड्स संस्था ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जलडेगा के लक्षित गांव के किसानों को 10 एकड़ में लगाने के लिए आम, अमरूद और लीची के पौधे बांटे हैं। इस पहल का उद्देश्य किसानों को अपनी आय बढ़ाने और कृषि उत्पादकता में सुधार करने में मदद करना है। जानकारी देते हुए लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा बांटे गए पौधों से किसानों को न केवल आर्थिक लाभ होगा, बल्कि वे अपनी कृषि भूमि का बेहतर उपयोग करने में भी सक्षम होंगे। आम, अमरूद और लीची जैसे फलदार पौधे न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि इनकी मांग बाजार में भी अधिक होती है। लीड्स संस्था ने किसानों को पौधों की देखभाल और उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण देने का भी निर्णय लिया है। इस प्रशिक्षण से किसान अपनी कृषि कौशल में सुधार कर सकेंगे और अधिक आय अर्जित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि लीड्स संस्था की इस पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक विकास होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।मौके पर लीड्स संस्था के कलिंद्र प्रधान, ललिता कंडुलना, जूही कुमारी सहित किसान नेलन तोपनो, बेंजामीन तोपनो, सुचिता समद, अमृत डांग, पूनम केरकेट्टा, पूनम कुमारी, सिंगरेन तोपनो आदि उपस्थित थे।

## रूशू खालीजोर नदी में अज्ञात व्यक्ति की डूबने से मौत

नवीन मेल संवाददाता



**केरसई।** रूशू खालीजोर नदी में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात पुरुष का शव चट्टानों के बीच फंसा मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने जब नदी के मध्य चट्टान पर किसी व्यक्ति को उल्टा पड़ा देखा तो तुरंत स्थानीय लोगों को सूचना दी। खबर मिलते ही केरसई थाना प्रभारी रामनाथ राम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और अत्यधिक सावधानी बरतते हुए शव को पानी से बाहर निकलवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40–50 वर्ष प्रतीत हो रहा है, लेकिन नाम-पता अथवा ठिकाने का कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच से अंदेशा है कि नदी पार करते समय वह फिसलकर पत्थरों के बीच फंस गया और पानी के दबाव में उसकी मौत हो गई। फिलहाल किसी बाहरी चोट या आपराधिक पहलू के स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं, फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों की पुष्टि की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया, जहां परीक्षण के बाद उसे शीतगृह में सुरक्षित रखा गया है।

# न्यूज बॉक्स

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म मामले एक गिरफ्तार



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया। जिसमें पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को सिमडेगा एसपी एम. अर्शी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता के परिजनों द्वारा 3 जुलाई 2025 को थाने में लिखित आवेदन दिया गया था। आवेदन के आधार पर ठेठईटांगर थाना क्षेत्र निवासी सूरज राम ने एक नाबालिग लड़की के साथ कई बार दुष्कर्म किया। जिससे वह लगभग 6 माह की गर्भवती हो गई है। तब ये मामला सामने आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ठेठईटांगर थाना कांड संख्या 41/25, के तहत पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया। इसके बाद एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया और तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी सूरज राम को गिरफ्तार किया गया।

## नाबालिक से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा महिला थाना क्षेत्र नाबालिक साथ की घटना हुई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला थाना में पीड़िता के पिता आकर बताए कि उनकी नावालिग बच्ची का तबियत खराब होने पर सदर अस्पताल लाए तब पता चला कि वह गर्भवती है। जब उन्होंने अपनी बेटी से पूछताछ की तब उसने बताया कि मुफस्सिल थाना का रहने वाला सिप्रियन नामक व्यक्ति उसके साथ जबरन कई बार दुष्कर्म किया है। पीड़िता के पिता के बयान पर पुलिस ने महिला थाना कांड सं0 20/25 के तहत पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज करते हुए एसपी को घटना की जानकारी दी। उसके बाद एसपी एम अर्शी के निर्देश पर डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठन करते हुए मामले का अनुसंधान किया गया। अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने आरोपी सिप्रियन को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## कुरडेग स्वास्थ विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**कुरडेग।** स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को टीबी मुक्त भारत अभियान, दस्त से बचाव एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान के आगुवाई में जागरूकता रैली सीएचसी से झिरकामुंडा बाजार तक निकाली गई। इस दौरान सहिया, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मियों व डॉक्टरों के द्वारा लोगों को इन बीमारियों के लक्षणों,रोकथाम और उपचार के बारे जानकारी दी गई। दस्त से बचाव,टीबी,सर्पदंश, कुत्ता के काटने से बचाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर बैनर,पोस्टर के माध्यम से जानकारी दी गई। रैली के बाद सीएस डॉ रामदेव पासवान के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में चल रहे विभिन्न अभियानों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सांप काटने एवं,दस्त होने पर बिना देर किए अस्पताल में भर्ती कराएं। सांप काटने पर झाड़ फूंक के चक्कर में नहीं पड़ने की बात कही। साथ ही कहा कि झाड़ फूंक करने वाले व्यक्ति पर थाना में केस करने की बात कही। वहीं दस्त से बचाव के लिए लोगों को स्वच्छता,सुरक्षित पेयजल और उचित पोषण पर ध्यान देने की बात कही। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा, सुशांत कुमार, डॉ अभिनव विहान, डॉ शालिनी सुस्मिता खलखो, पीके बारीक, नवल प्रसाद सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे ।

## बरसलोया के मौसीबाड़ी में भंडारा कल

**कोलेबिरा।** प्रखंड के ग्राम बरसलोया में रथ मेला पर मौसीबाड़ी परिसर में 6 जुलाई रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पुरोहित दिलीप पंडा और लखेश्वर पंडा ने बताया कि रथ यात्रा पर मौसी बाडी परिसर में भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने भंडारे में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## क्रूस यात्रा आज चर्चेस क्रिश्चियन कमेटी भी होगी शामिल

**सिमडेगा।** शनिवार को 3 बजे जामपानी पाल्ली से कुसुंमबेड़ा पाल्ली के बीच क्रूस यात्रा का आयोजन किया जाना है जिसमें ऑल चर्चेस क्रिश्चियन कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यभी शामिल होंगे। इसी सिलसिले में कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण आज जामपानी पल्ली पुरोहित सह सलगापोस भिखारिएट के डीन फादर गब्रियल डुंगडुंग से औपचारिक मुलाकात की एवं इस क्रूस यात्रा में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो इस पर बात विचार किया गया, जिससे कि आपसी एकता भाईचारा और भी अच्छा हो। ओल चर्चेस क्रिश्चियन कमेटी ने आम नागरिकों से भी आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस क्रुस यात्रा में शामिल होकर पुण्य का भागी बनें। इसी में गड़गड़ झरिया पुल से लेकर बोलबा मोड़ तक पैदल यात्रा किया जाएगा, क्रूस यात्रा का ठहराव बोलबा मोड़ गैस एजेंसी के बगल में होगा, जहां आरती, आराधना एवं फूलमाला से क्रूस का स्वागत किया जाएगा। मौके पर कमेटी के संरक्षक सह प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अध्यक्ष मेनोन लकड़ा, उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, सचिव पौल मुण्डु,विनय डुंगडुंग,रतन डुंगडुंग,ब्रिजिट डुंगडुंग, प्रमोद सोरेंग, अनुपम कण्डुलना,सुधिर डुंगडुंग,सिंहासन डुंगडुंग,बिनित मिंज, संजय डुंगडुंग आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य जागरूकता रैली, सर्प दंश व डायरिया से बचाव को लेकर चला अभियान

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो की ओर से बरसात के मौसम में बढ़ती बीमारियों डायरिया, मलेरिया व सर्प दंश से बचाव और समय पर इलाज को लेकर शुक्रवार को एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रा० प्राथमिक विद्यालय बानो के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकालकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रारंभ होकर बिरसा मुंडा चौक, जयपाल मैदान होते हुए वापस अस्पताल परिसर पहुंची, जहां इसे सभा में तब्दील किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्षा के मौसम में विशेष सावधानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश से समय पर अस्पताल लाकर ही जीवन बचाया जा सकता है। झाड़-फूंक में समय बर्बाद न करें, क्योंकि सभी अस्पतालों में सर्प विषरोधी दवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं।उन्होंने ग्रामीणों से अपने आसपास की सफाई रखने, गर्म पानी पीने और जमीन पर न सोने की सलाह दी। साथ ही मानव तस्करी, बाल विवाह और शराब निर्माण जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी गंभीर चेतावनी देते हुए कहा कि शहरों में काम दिलाने के नाम पर बच्चों को बहला-फुसलाकर बेच दिया जाता है, सतर्क रहें।कार्यक्रम में चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार, डॉ. जावेद, सुरेंद्र उरांव, दिलीप कुमार, हिमांशु कुमार, दुति उरांव, संजय ओहदार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

## बेलकरघा में साइकिल और बाइक की टक्कर तीन घायल, दो स्कूली बच्चों का पैर टूटा

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के बेलकरघा के पास शुक्रवार को स्कूल छुट्टी के समय एक साइकिल और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें दो स्कूली छात्रों का पैर टूट गया है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।मिली जानकारी के अनुसार मोहित बारला ग्राम बानो कुसमटोली और अमन कोनगाड़ी पुकेड़ा स्कूल से छुट्टी के बाद एक ही साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान बेलकरघा के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक सवार छोटू लोहरा अपने परिजन को लेने बानो रेलवे स्टेशन जा रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों स्कूली बच्चों के पैर में गंभीर चोटें आईं और हड्डी टूट गई, वहीं मोटरसाइकिल चालक को भी हाथ-पैर में चोट लगी है।हादसे की सूचना मिलते ही बानो थाना के एसआई सत्यनारायण प्रसाद मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुंचाया गया।घटना की जानकारी मिलते ही उकौली की मुखिया कृपा हेमरोम और जिला परिषद सदस्य बीरजो कंडुलना अस्पताल पहुंचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली।चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि दोनों बच्चों का पैर फ्रेक्चर हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

## आदिवासी समाज के अगुवा डीसी से मिले
# बेड़ो सरना स्थल के घेराबंदी की मांग रखी



नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** मंडर विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी समाज के अगुवा चुमानी उरांव के नेतृत्व में आदिवासी समाज के दर्जनों पदाधिकारी रांची स्थित उपायुक्त मंजूनाथ मंजन्त्री से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल ने बेड़ो सरना स्थल और लापुंग की घटना से संबंधित गंभीर मामलों से उपायुक्त को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से बेड़ो सरना स्थल की घेराबंदी की मांग रखी, साथ ही फर्जी प्राथमिकी की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग भी की। इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधियों ने यह भी आग्रह किया कि पांचवी अनुसूची क्षेत्र में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244(1) के अंतर्गत आदिवासी ग्रामसभा के हितों के अनुसार कार्य किया जाए।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से संज्ञान में लिया और आश्वस्त किया कि उक्त मामलों पर त्वरित जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त के सकारात्मक रुख के लिए आदिवासी समाज के सभी प्रतिनिधियों ने उनका आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर विवेक तिर्की, असामनी एक्का, बस्तंती उरांव, जल्ही महतो, रितु मिंज, राखी उरीब बड़ा, राखी उरांव, जगमनी उरांव, पुनीता उरांव, दुलो पहान, बुधवा पहान, जयमंगल केरकेट्टा, करण उरांव, चारों उरांव, अनील उरांव, सोनी उरांव, छोटु उरांव तथा अन्य कई साथी मौजूद थे।

# सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को किया नाकाम

## 30 आईईडी बरामद

- झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और एसएसबी की संयुक्त टीम ने टोकलो थाना और दलभंगा ओपी के सीमावर्ती जंगली पहाड़ी इलाके में सर्च अभियान शुरू किया

नवीन मेल संवाददाता



**चाईबासा।** सुरक्षाबलों ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के जंगली इलाके में नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने 30 आईईडी बरामद किए हैं, जो नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों के अभियान को विफल करने के लिए छुपाए गए थे। सूचना के बाद, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और एसएसबी की संयुक्त टीम ने टोकलो थाना और दलभंगा ओपी के सीमावर्ती जंगली पहाड़ी इलाके में सर्च अभियान शुरू किया। इस दौरान, सुरक्षाबलों ने 2-2 किलो के 30 आईईडी बरामद किए, जिनका उद्देश्य सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाना था। नक्सलियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, क्योंकि कई बड़े नक्सली नेता जैसे मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ते के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्रों में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सक्रिय हैं। सुरक्षाबलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियानों के दौरान सूचना मिली थी कि नक्सली संगठन के शीर्ष नेता अजय महतो अपने दस्ते के साथ सारंडा क्षेत्र में सक्रिय हैं। सुरक्षाबलों ने उन्हें पकड़ने के लिए भी कड़ी मेहनत जारी रखी है। यह कार्रवाई सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी और क्षेत्रीय नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## न्यूज बॉक्स

### जंगल में लापता युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के गालूडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत झाटीझरना पंचायत के फुलझोर गांव के पास शुक्रवार सुबह एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। शव की पहचान गांव के लापता युवक सरोजीत मुंडा के रूप में हुई है, जो 27 जून से गायब था। घटना की जानकारी उस वक्त सामने आई जब शुक्रवार सुबह गांव के कुछ लोग बकरी चराने जंगल की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर वहां पड़े एक शव पर पड़ी। शव की हालत काफी खराब थी और तेज दुर्गंध आ रही थी। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना गालूडीह थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई मिथिलेश कुमार मौर्या और अजय बागे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस जांच में मृतक की पहचान फुलझोर गांव निवासी 42 वर्षीय सरोजीत मुंडा के रूप में हुई। सरोजीत गांव में चाय दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार वह विगत 27 जून से लापता था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, रिश्तेदारों से भी संपर्क किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सरोजीत की मौत के बाद गांव में शोक का माहौल है। उनके पिता लेधरा मुंडा, मां ज्योत्सना मुंडा और भाई भक्तू मुंडा और नारायण मुंडा का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुटी है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### सरकारी जमीन पर आलिशान मकान ठेकेदार पर प्राथमिकी का आदेश

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के सुंदरनगर इलाके में यूसील के एक ठेकेदार की ओर से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर आलीशान मकान बनाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी को शिकायत की गई है। शिकायत के बाद डीसी के निर्देश पर सीओ शुक्रवार को मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को तत्काल रुकवा दिया। साथ ही अतिक्रमित जमीन पर सरकारी बोर्ड लगाकर उसे चिन्हित कर दिया गया। डीसी ने यूसील ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है। उल्लेखनीय है कि सुंदरनगर क्षेत्र में लगातार सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायतें मिल रही हैं, जिस पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

### कांग्रेस ने असंगठित कामगारों के बीच संगठन विस्तार की रणनीति बनाई



**पूर्वी सिंहभूम।** जिला कांग्रेस कमेटी की संगठन सृजन बैठक शुक्रवार को बिष्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस (के.के.सी.) के जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह, महामंत्री संजीव कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी, मानगो मंडल अध्यक्ष शिवम चौधरी, प्रदेश संगठन सचिव राकेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ नेता सामंता कुमार, अरुण कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, राज किशोर प्रसाद, सुशील घोष, राजगिरी सिंह यादव, अरुण बारिक, वीरेंद्र पांडे, सन्नी सिंह और निखिल कुमार शामिल हुए। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि 18 प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द की जाए। असंगठित मजदूरों की समस्याओं को संकलित कर संबंधित अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा जाएगा और जरूरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कंपनी गेटों पर गेट मीटिंग, सभा और सोशल मीडिया विंग गठन कर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया। बलदेव सिंह ने कहा कि दिए गए सभी कार्यों को पूर्ण कर संगठन को मजबूत किया जाएगा।

### वयोवृद्ध भाजपा नेता नारायण अग्रवाल के निधन से शोक की लहर

**खलारी।** वयोवृद्ध भाजपा नेता एवं समाजसेवी, शांतिनगर खलारी निवासी नारायणप्रसाद अग्रवाल (98) का शुक्रवार तड़के उनके निवास पर निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से खलारी सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। नारायण अग्रवाल जनसंघ काल से ही सक्रिय राजनीति में जुड़े रहे और भाजपा के वरिष्ठ नेता के तौर पर लंबे समय तक क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने में योगदान दिया।

## बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा

**मरकच्चो(कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक बीडीओ हुलास महतो की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। इस दौरान बीडीओ ने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं बागवानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप जेएसएलपीएस के साथ समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजनाओं में पीट खुदाई में तेजी लेने का निर्देश दिया। लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप की नई योजना लेने तथा कूप का लंबित भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया। रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं प्रति ग्राम कम से कम 5 योजनाओं का क्रियान्वयन करने को कहा गया। अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए ।बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा रवि शंकर ,सहायक अभियंता चितरंजन कुमार,प्रखंड समन्वयक 15वे वित्त शशि कुमार यादव, सभी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक,जनसेवक एवं प्रखंड के कर्मी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में पसनौर पंचायत के मुखिया का टूटा पैर

**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह से गांवा लौट रहे पसनौर पंचायत के मुखिया सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए । सड़क हादसे में उनका पैर टूट गया है। यह हादसा तिसरी थाना क्षेत्र में हुआ है। दरअसल गांवा प्रखंड के पसनौर पंचायत के मुखिया अजय साव अपने पुत्र के साथ बाईक से गिरिडीह से अपने घर गांवा लौट रहे थे। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के केंवटाटांड पुल के पास एक कार के चकमा देने से इनकी बाईक असंतुलित होकर सड़क पर ही गिर गई। जिससे मुखिया अजय साव को पैर में चोट लग गई। हालांकि स्थानीय युवाओं ने तिसरी पुलिस घटना की जानकारी दी। जिसके बाद तिसरी थाना के राम और सागर कुमार मौके पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को पुलिस जीप में डालकर अस्पताल पहुंचाया। जहाँ उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## कोयल नदी डाडू में युवक का शव मिला, पुलिस जांच मे जुटी

समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डाडू पंचायत के कोयल नदी डाडू में ग्रामीणों द्वारा अज्ञात शव देखा गया। शव ग्रामीणों ने तत्काल सेन्हा थाना पुलिस को सूचना दिया ।जिसे सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभृ दल बल के साथ घटना स्थल पंहुच शव निकलवाने का प्रयास में जुट गये। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया ।वही शव को देख कर बताया जाता है ।किसी अज्ञात युवक का शव मादा डहर के समीप कोयल नदी में पत्थर में रुका हुआ है ।जो देखने से शव चार पांच दिन पुराना लगता है ।वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि एक अज्ञात युवक का शव है ।जिसका उम्र करीब 25 वर्ष होगा ।शव को स्थानिग ग्रामीण गोताखोर राकेश उरांव और अजित उरांव के द्वारा काफी मकसत के बाद नदी से बाहर निकाला गया ।शव का शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया गया ।परन्तु शव का शिनाख्त नही हल पाया है ।साथ हक कहा कि कोयल नदी में मिला शव प्रथम दृष्टया बह कर आने से मौत प्रतीत होता है। परन्तु पोस्टमार्टम के पश्चात पता चलेग की युवक का मौत हत्या है। या आत्महत्या शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया ।मौके पर थाना प्रभारी वारिश हुसैन, एस आई अभिनाश कुमार राम, रविकांत प्रसाद,मनीष कुमार महतो, साहेब कुंवर,ए एस आई जमशेद खान,असरफी बहेलिया उपस्थित थे।

## नगर निगम का बड़ा एक्शन, 50 से ज्यादा अवैध होर्डिंग हटाए गए

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर की खूबसूरती बिगाड़ रहे अवैध और जर्जर होर्डिंग पर जमशेदपुर नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। लाखों की कमाई करने वाले ये होर्डिंग सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे थे, वहीं लोगों की जान के लिए भी खतरा बनते जा रहे थे। शहर में कई जगहों पर बिना अनुमति के बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए हैं, जिनकी जानकारी नगर निगम को तक नहीं थी। ये अवैध होर्डिंग जहां शहर की सुंदरता पर दाग बन गए थे, वहीं जर्जर हालत में होने के कारण लोगों के लिए मौत का दावत भी साबित हो सकते थे। इन होर्डिंग के जरिए वर्षों से कुछ लोग लाखों रुपए की कमाई कर रहे थे, जबकि सरकार को हर महीने लाखों का राजस्व नुकसान हो रहा था। नगर निगम ने इस पर सख्त कदम उठाते हुए अब तक 50 से ज्यादा बड़े होर्डिंग को हटवा दिया है। नगर निगम की जांच में यह भी सामने आया कि कई अवैध होर्डिंग शहर के विभिन्न थानों और सरकारी कार्यालयों में भी लगा दिए गए हैं, जिसकी कोई अनुमति नहीं ली गई थी। इस संबंध में शुक्रवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि नगर निगम की ओर से सभी होर्डिंग मालिकों को नोटिस जारी कर दिया गया है।

## डीडीसी ने पर्यटन स्थलों का लिया जायजा

**लातेहार।** लातेहार के डीडीसी सैयद रियाज अहमद ने शुक्रवार को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों व भूसुर में निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीडीसी ने विशेष रूप से चरका डैम का अवलोकन किया। चरका डैम प्रवासी पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है। यह उभरते हुए ईको-टूरिज्म हॉटस्पॉट के रूप में पहचान बना रहा है। हर वर्ष नवंबर से मार्च के बीच यह डैम दुर्लभ व रंग-बिरंगे पक्षियों का बसेरा बन जाता है। यहां पक्षी प्रेमी और बर्ड फोटोग्राफी के शौकीन प्रकृति की सुंदरता का भरपूर आनंद लेते हैं। डीडीसी ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चरका डैम के साथ ही उदयपुरा कोमो पहाड़ी व ललमटिया डैम का भी जायजा लिया।

# सड़क के अभाव में पांच किमी पहाड़ी रास्ते से गुजरते हैं ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता



**नामकुम।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) के नामकुम प्रखंड अध्यक्ष निशांत तिर्की के नेतृत्व में ग्राम टांगरटोली में एक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गांव में सड़क सुविधा के अभाव और उससे उत्पन्न समस्याओं को लेकर आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी गंभीर समस्याओं को साझा किया।

ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में सड़क नहीं होने के कारण उन्हें प्रतिदिन 4 से 5 किलोमीटर तक पहाड़ी रास्तों पर चढ़कर मुख्य सड़क तक पहुंचना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से स्वास्थ्य आपातकालीन परिस्थितियों में अत्यंत संकटपूर्ण हो जाती है, क्योंकि एम्बुलेंस जैसी आवश्यक सेवाएं गांव तक नहीं पहुंच पाती।

इस मुद्दे पर ग्रामीणों के साथ गंभीर चर्चा की गई। इस अवसर पर खिजरी विधायक प्रतिनिधि सतीश पड़ा, पूर्व जिला परिषद सदस्य कल्याण हीरो व लोग उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर और आसानी से मिल सके।

मौके पर निशांत तिर्की, अनिकेत तिर्की, विष्णु कुमार, आदित्य केरकेट्टा, बिपिन मुंडा, कुनाल महतो, अजय गाड़ी, जीनित खलखो, कार्लोस बिहा, प्रभु टोप्पो, शर्मेंदर सिंह बिनझिया सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## कार्य पूर्ण नहीं करने पर आवास योजना के लाभुकों पर एफआईआर होगी : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

- दो दिनों के अंदर प्लींथ लेवल का कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने डाड़ी पंचायत मे आवास का कार्य नहीं कर रहे लाभुकों के आवासों का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया। लापुंग प्रखंड के डाड़ी पंचायत की लाभुक जितनी देवी, सुमंति देवी,जिदिया उराव,बहालेन बारला, उमा देवी, फगनी मुंडाईन, दीपिका कुमारी, बिरसा मुंडा, सोनामती देवी, करमी देवी, दिवरी हेरेंज, सुगिया उराइन के निर्माणाधीन आवास योजना का प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने निरीक्षण किया। इस मौके पर आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत सचिव, मुखिया सुमिला मिंज एवं वार्ड सदस्य की उपस्थिति में लाभुकों को नोटिस दिया गया एवं दो दिनों के अंदर प्लींथ का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने कहा कि सरकारी योजनाओं का मजाक बनाना तथा इसे हल्के में लेने की प्रवृत्ति को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि लापुंग प्रखंड में आवास योजनाओं सहित अन्य योजनाओं को समय से पूर्ण करना अति आवश्यक है। अगर आवास को सही समय पर पूर्ण नहीं किया जाएगा तो लाभुकों के ऊपर एफआईआर दर्ज होगी और राशि की रिकवरी भी की जाएगी। इस मौके पर पंचायत सचिव सिरका मुंडा, मुखिया सुमिला मिंज, आवास समन्वयक विनोद ऋषि नंदन सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## छात्रों के बीच चलाया गया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम



**झुमरी तिलैया।** भारत सरकार के "सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ" अभियान के तहत झुमरीतिलैया नगर परिषद के द्वारा ग्रिजली पब्लिक विद्यालय में छात्रों के बीच स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान नगर प्रबंधक रणधीर कुमार ने बारिश से होने वाले नए-नए बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। इस दौरान उन्होंने छात्रों को अपने आसपास व मोहल्लों में सफाई रखने की अपील की। उन्होंने छात्रों को सूखे व गीले कचरे को कैसे अलग-अलग डस्टबिन में डालें, इसके भी उपाय बताए। वहीं स्कूली बच्चों से बिस्किट के रैपर व पॉलीथिन को जहां तहां नहीं फेंकने की अपील की गई।

## बारिश से क्षतिग्रस्त मकानों के पीड़ितों के बीच सहयोग राशि का वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखण्ड में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और विधायक प्रतिनिधियों के द्वारा बारिश में क्षतिग्रस्त मकानों के पीड़ितों के बीच सहयोग राशि का वितरण किया गया और दर्जनों किसानों के बीच खरीफ फसलों के बीजों का भी वितरण किया गया। बारिश में क्षतिग्रस्त मकानों के एवज में पांडु के पीड़ित ललकु पाईक को उसके घर जाकर विद्युत विभाग के विधायक प्रतिनिधि और समाजसेवी सत्यनारायण पाठक ने तीन हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया। वहीं इस मौके पर सतनारायण पाठक ने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाएगा।

वहीं ककरिया के समाजसेवी व कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने ककरिया और लतरातु पंचायत के पीड़ितों क्रमशः सरवा उरांव एवं आनंद उरांव को तीन तीन हजार रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया। वहीं लतरातु पंचायत के तिगरा निवासी मधु उरांव को भी सुकरा उरांव के माध्यम से राशि दी गई। जबकि दूसरी ओर जयंत बरला ने कहा कि शेष बचे हुए पीड़ित परिवार को भी माननीय पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान लापुंग प्रखण्ड कांग्रेस के अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, विधायक प्रतिनिधि कृषि विभाग के लखन साहु, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मो.आरीफ ,बीटीएम गोपाल कुमार महतो ने संयुक्त रूप से लगभग 150 किसानों के बीच उरद,अरहर, बादाम, मडुवा और धान के बीजों का बीज वितरण किया गया। जिसमें स्पेशल क्लस्टर में लतरातु को अलग से बीज वितरण हुआ। वहीं कारुम गांव के 47 तथा कोंयसारा के 100 किसानों को भी विभिन्न प्रकार के बीज दिए गए।

## पिकअप सवारी गाड़ी डिवाइडर से टकराई तीन मजदूरों की मौत और 29 घायल

**पलामू।** पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में नेशनल हाईवे 98 पर शुक्रवार को मजदूरों से भरी पिकअप सवारी गाड़ी डिवाइर से टकरा गई। इस घटना में तीन मजदूरों की मौत हो गयी, वहीं 29 से मजदूर जख्मी हो गए, जिसमें कई बच्चे भी शामिल हैं। अधिकतर मजदूरों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

# एक गोली या चार के नाम पर पारस हॉस्पिटल में चला हाई वोल्टेज ड्रामा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी के धुर्वा स्थित पारस अस्पताल में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रोशन के भाई हेमंत साहू को गुरुवार को घायल अवस्था में पारस अस्पताल लाया गया था। जहां कुमार रोशन सहित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया की बिना इलाज के रुपये मांगे जा रहे और इलाज में देरी भी किया जा रहा था।

**इलाज में लापरवाही, पैसे बेवजह वसूले जा रहे थे : कुमार रोशन**



यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रोशन के अनुसार उनके भाई को चार गोली लगी थी। उन्हें पारस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां डॉ नवीन की देख रेख में इलाज चल रहा था। कुमार रोशन ने आरोप लगाते हुए कहा कि गुरुवार की रात करीब 10:30 बजे मरीज को भर्ती करवाया गया, जिसके बाद उसी दिन 20 हजार रुपये मांगे गए। डॉ नवीन अगले दिन यानि शुक्रवार को दोपहर में एक बजे अस्पताल पहुंचे और कहा पारस अस्पताल में सिटी स्कैन की मशीन ख़राब है इन्हें दुसरे अस्पताल में सिटी स्कैन करवाया जाएगा उसके बाद इलाज शुरू किया जाएगा। इतने में ही कुल बिल 60 हजार का बनाया गया। परिजनों का कहना है हिसाब मांगे जाने पर और क्या इलाज हुआ जब पूछे जाने पर प्रबंधन मौन रही। जिसका विरोध कुमार रोशन ने किया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री इरफ़ान अंसारी के पुत्र प्रिंस अंसारी सहित एनएसयूआई के नेता, यूथ कांग्रेस के नेता सहित कई लोग पहुंचे। हटिया डीएसपी सहित धुर्वा थाना पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने मामले को संभाला और हंगामा शांत किया गया।

**सुचारू रूप से चल रहा था इलाज : अस्पताल प्रबंधन**

पारस प्रबंधन के निदेशक डॉ नितेश ने कहा हेमंत साहू को मात्र एक गोली लगी थी। उनका इलाज आईसीयू में चल रहा था। मरीज को आईसीयू में रखा गया था इसलिए 40 से 45 हजार का बिल बना था। हालांकि पारस अस्पताल के द्वारा जमा राशि लौटाया गया वहीं शेष राशि भी छोड़ा गया।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**SHORT e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 246/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works :-

| | |
|---|---|
| Name of work | Deployment of surveyor to carry out detailed survey & estimate for the transmission line required for 04 nos. Railway owned TSS at Tatisilwai, Lodhma, Lohardaga & Bano in connection with 2x25 kV up gradation work. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 25,80,559.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 51,700.00 On line mode |
| Completion Period | 45 Days |
| e-Tender fee | Rs. 5,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 10.07.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 10.07.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 30.07.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 31.07.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1.e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (6202162568) during office hours.
2.The bids will be received through electronic tendering mode only.
3.No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager C&M (NWBP)**

PR 356568 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D

